फर्द अहकाम
(नियम 28)

बअदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

मानुदेवी पत्नी रेवतराम बनाम तहसीलदार

किस्म मुकदमा :- राजस्व वाद, नम्बर :-116/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थी उपस्थित।	

प्रार्थी उपस्थित।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान केम्प गरनिया में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 LR Act. के तहत् पेश किया। वादी का दावा दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–गरनिया में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 267/7 एवं 267/10 में प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि हैं। प्रार्थीगण की आराजी में सैग्रीगेशन के समय सहवन से गलत समान ही है, परन्तु सैग्रीगेशन के समय तरमीम गलत दर्ज हो गई, वर्ममान मौका स्थिति अनुरूप तरमीम शुद्ध दर्ज किये जाने का निवेदन किया हैं।

प्रशासन गांवो के संग अभियान केम्प गरनियां मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का गरनिया, भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें ख.नं. ख.नं. 267/7 एवं 267/10 खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। सैग्रीगेशन के समय सहवन से गलत तरमीम हो गई, पटवारी हल्का ने आने जांच प्रतिवेदन में मौका स्थिति अनुरुप नजरी नक्शा प्रस्तुत किया, तरमीम मौके अनुरुप राजस्व नक्शे में दुरुस्ती किये जाने की अभिशंषा की हैं।

अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा–गरनिया पटवार हल्का बैड़कलां में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 267/7 एवं 267/10 में अशुद्ध रूप से की गई तरमीम को दुरुस्ती किये जाने एवं तहसीलदार जैतारण को इसी अनुरुप भू–अभिलेख अद्यतन किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता हैं, अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर ... हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल ... हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 12:13:45 IST
Reason: SelfAttested

(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
SDO
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर जैतारण (पाली)